## सकल जैन समाज की अहिंसा पद यात्रा पर पुष्पवर्षा

**कोटा,** (निसं)। देवाधिदेव श्री 1008 भगवान महावीर जन्मकल्याणक महामहोत्सव की कड़ी में आयोजित सकल जैन समाज की ऐतिहासिक अहिंसा पदयात्रा में राजस्थान रेडक्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष राजेश बिरला, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने स्वागत अभिनंदन किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शहर जिला कोटा द्वारा केशवपुरा मण्डल के तत्वावधान में पुष्प वर्षा कर धर्म लाभ लिया। संदीप शर्मा ने बताया की भगवान महावीर के अनुसार धर्म सबसे उत्तम मंगल है। अहिंसा, संयम और तप ही धर्म है। भगवान महावीर कहते हैं वह धर्मात्मा है, जिसके मन में सदा धर्म रहता है, उसे देवता भी नमस्कार करते हैं।

भगवान महावीर ने मानव समाज को जीओ और जीने दो का संदेश दिया। राकेश जैन ने कहा कि कोटा शहर में सकल जैन समाज द्वारा आयोजित ऐतिहासिक अहिंसा पदयात्रा में धर्मलाभ लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महामहोत्सव की कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। यह पद यात्रा मानव समाज को अहिंसा के पथ पर चलने का संदेश देती है। आज विश्व में अहिंसा की सख्त आवश्यकता है। अहिंसा के पथ पर चलकर ही मानव समाज का कल्याण संभव है।

# अंहिसा मय हुई शिक्षा नगरी, महावीर के संदेशों के साथ सकल जैन समाज ने पदयात्रा निकाली

**कोटा,** (निसं)। जीयों और जीने दो, अहिंसा परमों धर्म, सत्य व अंहिसा की तख्तियां लिए हजारों जैन समाज के महिला व पुरूष महावीर के संदशों और जयकारों से गुंजता शोभामार्ग और कतारबद्ध होकर केसरिया वस्त्रो में महिलाएं और श्वेत वस्त्रो में पुरूष यह नजारा था, तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में दिगम्बर व श्वेताम्बर जैन समाज कोटा महानगर में आयोजित ऐतिहासिक अंहिसा पद यात्रा का प्रचार मंत्री मनोज जैन अदिनाथ ने बताया कि जैन समाज द्वारा आयोजित सामूहिक पदयात्रा मंगलवार सुबह 7 बजे महावीर नगर प्रथम दिगंबर जैन लाल मंदिर से रेडक्रॉस के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला, विधायक संदीप शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, लोकसभा अध्यक्ष के निजी सचिव अंकित जैन, पंकज मेहता, संरक्षक राजमल पाटोदी, प्रकाश बज, पदम बडला, परम संरक्षक विमल जैन नांता एवं विनोद टोरडी, मुख्य संयोजक जेके जैन एवं रेखा हिंगड ने पदयात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।


कोटा में जैन समाज ने भगवान महावीर के संदेशों के साथ पदयात्रा निकाली।

सकल जैन समाज के मुख्य संयोजक जेके जैन ने बताया कि अंहिसा पदयात्रा महावीर नगर प्रथम दिगंबर जैन लाल मंदिर से प्रारंभ होकर ओपेरा हॉस्पिटल रोड, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, तलवंडी चौराहा, सुवि नेत्र चिकित्सालय, जवाहर नगर होती हुई भगवान महावीर के जयकारों के साथ दानबाड़ी पहुंची जहां पदयात्रा सभा में परिवर्तित हो गई। अंहिसा पदयात्रा में दिगम्बर व श्वेताम्बर, जैन समाज के लोग शामिल हुए। संयोजिका रेखा हिंगड ने बताया कि पदयात्रा में सकल समाज के सकल दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष प्रकाश बज़, महामंत्री पदम बडला कोषाध्यक्ष जितेंद्र हरसोरा, विमल जैन नान्ता, विनोद जैन टोरड़ी, राजमल पाटौदी, जेके जैन, विजय दुगेरिया, नरेश जैन वैद, लोकेश जैन, महिला प्रकोष्ठ की संयोजक निशा जैन, विकास जैन अजमेरा, प्रचार सचिव मनोज आदिनाथ, अशोक पहाडिया, पारस जैन, राजेश मंगलम, श्वेताम्बर जैन समाज के समन्वयक पंकज मेहता, एमपी चतर, लोकेश डांगी, प्रदीप बरडिया, अंकित सेठिया, ज्ञान चंद लोढ़ा, कमलेश सांवला, धर्मचंद जैन, बुद्धि प्रकाश, राकेश श्रीमाल, दीपू व भुवनेश जैन आदि उपस्थित रहे।

**प्रशंसनीय है समाज की एकता:**-मुख्य अतिथि रेडक्रॉस के स्टेट चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला ने अपने उद्बोधन में कोटा जैन समाज द्वारा संगठित पदयात्रा निकालने पर समाज की एकजुटता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सकल जैन समाज का यह सार्थक प्रयास है इसके लिए समाज के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन बधाई के पात्र है उन्होंने कहा कि महावीर के संदेशों की सार्थकता एकता के साथ ही है। सकल समाज के मुख्य संयोजक जेके जैन ने स्वागत किया एवं ऐतिहासिक सफल पदयात्रा संयोजको की मेहनत के लिए उनका आभार प्रकट किया। संयोजिका रेखा हिंगड महिलाओं द्वारा भगवान महावीर संदेशों व उपदेशों को प्रचारित करने के लिए आभार प्रकट किया उन्होने कहा कि महिलाएं बिना पानी पिए 05 किमी तक चली यह प्रयास, साधुवाद का पात्र है। समन्वय पंकज मेहता ने अपने उद्बोधन में जैन समाज द्वारा दिखाई एकजुटता की प्रशंसा की और कहा कि महावीर भगवान के पद चिन्हो पर चलकर हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते है।

- **10 हजार लोगों ने अहिंसा पदयात्रा में हिस्सा लिया**

सकल दिगम्बर समाज के अध्यक्ष प्रकाश बज ने आगामी कार्याक्रम के लिए सभी समाजो को मिलकर एकजुटता दिखाने की अपील की और कहा कि महावीर महावीर की जयंति भी भवष्यि में एकजुटता के साथ मनाई जाएं।अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने अपने उद्बोधन में समाज की एकता व महिलाओं द्वारा पदयात्रा को भव्य बनाने लिए साधुवाद दिया। लोकेश डांगी ने कहा कि मन का मैल जो धोये वह महावीर का सच्चा उपासक है। हमें अहिंसा व सत्य जैसे विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है।

## आदर्श प्रोपर्टी और बिल्डर पर जुर्माना लगाया

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान रियल स्टेट रेगुलेटरी अर्थोरिटी जयपुर (रेरा) द्वारा हाड़ौती संभाग में आवासीय कॉलोनी आर्दश विला प्रोजेक्ट के संदर्भ में प्रमोटर द्वारा तथ्यों को छुपाकर रजिस्ट्रेशन करवाने के संदर्भ में दोषी मानते हुए 50 हजार रूपये के जुर्माने से दंडित किया। मामले की जानकारी देते हुए एडवोकेट मनोज चौधरी ने बताया कि मामले में रेरा ने अपने आदेश में विचारण के दौरान यह माना कि आदर्श प्रोपर्टी एण्ड विल्डर्स के प्रोपराईटर रिजवान खान द्वारा भुमि खाता धारक मंजित सिंह के साथ मिलकर उक्त भूमि में खसरा नम्बर 362/363 ग्राम बोरखेड़ा तहसील लाड़पुरा के संदर्भ में चल रहे सिविल विवादो की जानकारी रेरा साईट पर सार्वजनिक करने के स्थान पर तथ्यों को रेरा अधिकरण से छुपा लिया गया। जिस पर न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए उक्त कार्यवाही की। जिससे उक्त भूमि के पूर्व खरीददारों एवं वर्तमान निवेश्को के हितों की रक्षा हो सके और बनाये गये रेरा अधिनियम का कठोरता से पालना हो सकें।

## झालावाड़ का 188वां स्थापना दिवस मनाया

**झालावाड़** (निसं)। पर्यटन विकास समिति द्वारा मंगलवार को स्थानीय हरिश्चन्द्र जिला पुस्तकालय में झालावाड़ का 188वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गायत्री शक्ति पीठ के जोन प्रभारी गोपाल शर्मा ने कहा कि झालावाड़ में आज जो सद्भाव व सामाजिक एकता है वह इस क्षेत्र के अतीत का महत्वपूर्ण पक्ष है और हमें इसका पालन करना चाहिये। यही हमारे झालावाड़ की संस्कृति है।

अध्यक्ष पूर्व बैंक अधिकारी हरिशंकर मीणा ने कहा कि हमें हमारे क्षेत्र की धरोहरों और इतिहास को संजोना चाहिये, क्योंकि यही हमारी पहचान है। विशिष्ट अतिथि हरिशचन्द्र जिला पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष कैलाशचन्द राव ने कहा कि उनके पुस्तकालय में 1913 की विजिटर बुक है जिसके पृष्ठ नं. 06 पर नवम्बर 1915 में यहां आये महान साहित्यकार पं. मदन मोहन मालवीय के हस्ताक्षर है जो झालावाड़ के साहित्य का एक बड़ा प्रमाण है। विशिष्ट अतिथि गुर्जर समाज के जिला संयोजक श्याम गुर्जर खटाणा और ठाकुर मंजीत सिंह कुशवाह ने भी सम्बोधित किया।

समिति संयोजक ओम पाठक ने कहा कि ऐसे दिवस नई पीढ़ी को अपने स्थानीय इतिहास से जोड़ते है जो आज के संदर्भ में उपयोगी है। मुख्य वक्ता इतिहासकार ललित शर्मा ने झालावाड़ के सभी शासको का परिचय और उनके द्वारा बनाई गई ऐतिहासिक धरोहरों की विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों और विद्यार्थियों को दी।

**खोया पाया**

प्रकाश चंद जैन S/O श्री माणक चन्द जैन मकान नं. 1-f-18 रंगबाडी योजना कोटा का निरस्तीकरण पत्र व नियमितिकरण पत्र गुम हो गया है। किसी को मिलने पर सूचित करें।

**खोया पाया**

अंशुल शर्मा S/O स्व. श्री के.डी.शर्मा मकान नं. 4-E-21 तलवण्डी कोटा का मूल भौतिक कब्जा पत्र व अनुज्ञा पत्र गुम हो गया है। किसी को मिलने पर सूचित करें।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय राजस्थान रियल स्टेट रेगूलेटरी अथोरिटी जयपुर (रेरा) द्वारा File No.-F.15(318)RJ/RERA/C/2024 Suo Moto Versus Aadarsh Property & Builders खसरा संख्या 362/1, 363 ग्राम बोरखेडा तहसील लाडपुरा कोटा राज. के मामले में आर्दश विला प्रोजेक्ट के संदर्भ में रेरा ट्रिबुनल से उक्त प्रोजेक्ट जिस भूमि पर स्थित है के संदर्भ में खाता धारक मनजीत सिंह एवं अन्य से न्यायालय में चल रहे सिविल विवादों की जानकारी छिपाने के चलते स्वतः संज्ञान लेते हुए दिनांक 07.04.2025 को आदेश पारित करते हुए रेरा एक्ट के प्रावधानों का पूर्ण उल्लंघन करने के चलते 50,000/- रुपये के जुर्माने से दण्डित फरमाया और स्पष्ट रुप से अपने आदेश में आलेखित किया कि आर्दश प्रोपर्टी एण्ड बिलिर्डस जरिये प्रोपराईटर रिजवान खान द्वारा वास्तविक तथ्यों को छिपाते हुए उक्त आदर्श विला प्रोजेक्ट खसरा संख्या 362/1, 363 ग्राम बोरखेडा तहसील लाडपुरा कोटा राज. का लाईसेंस प्राप्त किया है। जिसके चलते प्रोमोटर पूर्ण रुप से दोषी माना गया है।

यह कि उक्त आदेश रेरा ट्रिबुनल द्वारा निवेशकों और जमीन खरीद करने वाले व्यक्तियों के हितों को देखते हुए पूर्ण रुप से अपने आप में विलक्षण और हितों की रक्षा करने वाला है। अतः सूचित हो।

दिनांक : 08.04.25

भवदीय

मनोज चौधरी (एडवोकेट)

## उर्स की शुरुआत

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे की पहाड़ी पर स्थित बाबा हज़रत मलंग शाह, हज़रत हाजी सब्ज़अली शाह व अता मोहम्मद साहब रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स मंगलवार को कुरआनख़्वानी व चादर पेश करने के साथ शुरू हो गया है।

उर्स कमेटी के सदर रेवती गेरा ने बताया कि कस्बे के पहाड़ी पर स्थित बाबा हज़रत मलंग शाह, हज़रत हाजी सब्ज़अली शाह व अता मोहम्मद साहब का उर्स मंगलवार से शुरू हुआ। इस मौके पर सुबह फजर की नमाज़ के बाद कुरआनख्वानी की गई एवं शाम को स्वर्गीय सेवाराम गेरा के घर से चादर का जुलूस निकाला गया। जुलूस मुख्य मार्ग से होता हुआ पहाडी पर पहुंचा तत्पश्चात दरगाह पर चादर पेश की गई।

जुलूस का अकीदतमंदों ने मुख्य मार्ग पर स्वागत किया। वही रात को इशा की नमाज़ के बाद से महफ़िल ए समा का दौर शुरू होगा जिसमें पहले दिन क़व्वाल गुलाम हुसैन अहमदी अपने कलाम पेश करेंगे। दूसरे दिन शब्बीर सदाक़त साबरी अपने कलाम पेश करेंगे तथा तीसरे दिन चांद क़ादरी अपने कलाम पेश करेंगे।

# घटोत्कच्छ सर्किल व महावीर नगर तृतीय सर्किल पर अतिक्रमण से ट्रेफिक जाम

**कोटा,** (निसं)। नये कोटा के रंगबाडी मेन रोड पर महावीर नगर तृतीय एवं घटोत्कच्छ सर्किल दोनों चारों ओर से ठेले व कियोस्क के अतिक्रमण से घिर गये हैं। जिससे दोनों चौराहों पर शाम को वाहनचालकों यातायात जाम से जूझना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि दोनों चौराहों पर ट्रेफिक पुलिस नहीं होने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।


कोटा में अतिक्रमण के कारण जाम के हालात रहते हैं।

नागरिक संगठनों ने जिला कलक्टर से मांग की कि वे स्वयं शाम के समय सामान्य नागरिक बनकर अतिक्रमण की वस्तुस्थिति का अवलोकन करें। दोनों सर्किल के फुटपाथों व मुख्य सड़कों के किनारों पर गन्ने के जूस, फल, आइसक्रीम, चाट आदि के ठेले खड़े हो जाते हैं। वे 10 फीट आगे तक प्लास्टिक की कुर्सियां भी लगा रहे हैं। जिससे ग्राहक चौराहो की चौपाटी पर वाहन खड़े करके यातायात को अवरूद्ध कर रहे है। नागरिकों ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी कई बार इस समस्या को उठाया लेकिन पुलिस एक बार हटाकर जाती है, एक सप्ताह बाद अतिक्रमी फिर वहीं नजर आते हैं। कोचिंग विद्यार्थी किशोर सिंह व उसके पिता एसके सिंह ने कहा कि कोटा में यातायात व्यवस्था देखने वाला कोई नहीं है।

यहां कोचिंग विद्यार्थी खुली सड़कों पर मवेशियों व श्वानों के झुंड देखकर भी भयभीत हो रहे है। महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा के लिये जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व केडीए को शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिये सख्त कदम उठाने चाहिये।

## लाड़पुरा विधायक से मिले हाड़ौती सम्भाग कोचिंग समिति सदस्य

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती सम्भाग कोचिंग समिति का एक प्रतिनिधि मंडल ने राजस्थान विधानसभा के सदन में कोचिंग निदेशकों का पक्ष, दृढ़ता से रखने व विधेयक पर आगामी चर्चा हेतु लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कल्पना देवी से भेंट की गई। समिति के सम्भागीय मीडिया प्रभारी विशाल उपाध्याय ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने विधेयक पर कोचिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों का पक्ष, निष्पक्षता से सदन के पटल पर रखने पर विधायक का स्वागत व आभार व्यक्त किया है, साथ ही इस विधेयक के सरलीकरण हेतु भावी चर्चा की है। इस अवसर पर कल्पना देवी ने कहा कि कोचिंग विधेयक में छोटे कोचिंग का ध्यान रखा जाएगा। कोटा से कोचिंग खत्म नहीं होने दिए जाएंगे क्योंकि यह कोटा की अर्थव्यवस्था का आधार स्तम्भ है।

# जेके फैक्ट्री के मजदूरों के धरने के समर्थन में कलेक्ट्रेट कोटा पर उमड़ा जन सैलाब

**कोटा,** (निसं)। जेके फैक्ट्री के धरने को सम्बोधित करते हुए सीकर सांसद सीपीआईएम के पॉलिट ब्यूरो सदस्य कामरेड अमराराम ने सम्बोधित करते हुए राज्य सरकार ओर कोटा जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा धन्ना सेठो की गुलामी बन्द कर मजदूरों किसानों ओर आमजन के हित मे काम करे ओर 27 साल से जो जेके फैक्ट्री के 4200 मजदूरों का जो बकाया वेतन 250 करोड़ से अधिक को 27 साल का ब्याज जोड़कर 500 करोड़ से अधिक जो बनता है सरकार को मजदूरों को करना होगा ओर सुप्रीम कोर्ट मजदूरों के हित मे दिये आदेश को भी लागु करना पड़ेगा सीकर सांसद कामरेड अमराराम ने जेके फैक्ट्री के मजदूरों को भरोसा दिलाया की सीपीआईएम आपकी लड़ाई को दिल्ली की लोकसभा मे लड़ने का काम आपका अमराराम करेगा। वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की आराफ़ात द्वारा समझौते की शर्तो को पूरा नहीं करने के बावजूद भी अभी तक फैक्ट्री की जमीन पर कब्जा कर रखा है इसमें कही ना कही प्रशासन ओर सरकार आराफ़ात के साथ मिलकर मजदूरों को लूटने का काम कर फैक्ट्री की जमीन को कोड़ियों के भाव भूमाफियों को देने की फिराक मे लेकिन जेके फैक्ट्री के मजदूर इनके इरादों को नाकाम करने का काम करेंगे ओर सरकार को मजबूर करके 4200 मजदूरों का बकाया वेतन कराने का काम धरने के माध्यम से करेंगे जब तक जेके फैक्ट्री के मजदूरों का बकाया वेतन भुगतान नहीं होगा कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन फरना जारी रहेगा इस लड़ाई मे कोटा जिले का मजदूर किसान छात्र नौजवान जेके फैक्ट्री के मजदूरों के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर अंतिम निर्णय तक संघर्ष मे साथ रहेगा। मिडिया प्रभारी ने बताया कामरेड अमराराम की सभा मे जेके फैक्ट्री के मजदूरों सहित जिले भर से हजारों मजदूरों किसानों नौजवानों ओर महिलाओ ने भाग लिया।

## पेयजल की व्यवस्था की

**कोटा,** (निसं)। गर्मी के मौसम में यात्रियों को यात्रा के दौरान भीषण गर्मी से बचाव हेतु पीने का पानी उपलब्ध कराने की दिशा में कोटा मंडल द्वारा सभी स्टेशनों पर पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में एनजीओ व स्वयंसेवी संस्था द्वारा मंडल के 05 रेलवे स्टेशनों रामगंजमंडी, चौमहला, भवानीमंडी, भरतपुर एवं सुवासरा में पानी पिलाने के कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में कुल 92 स्वयं सेवक सेवाभाव से यात्रियों को पानी पिलाने का कार्य कर रहे है। जिसमे स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखा जा रहा है।

राजस्थान-सरकार

**कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, कोटा**

क्रमांक-खअ/कोटा/अना./नीलामी/2025/2377 दिनांक-04.04.2025

**नीलामी सूचना प्रकाशन 01/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खनि अभियन्ता कोटा कार्यालय क्षेत्राधिकार में विभिन्न राजस्व ठामों के खातेदारी / सरकारी खसरों में अवैध खनन / निर्गमन चैकिंग के दौरान आरएमएमसीआर 2017 के नियम 54 व 60 के तहत जब्तशुदा खनिज बजरी काली/बनास जैसी भी जितनी भी जहां भी है, उसी स्थिति में नीलामी हेतु दरें सीलबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न तालिका व विभागीय बेवसाईट www.mines.rajasthan.gov.in एवं पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in तथा कार्यालय नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी प्रपत्र राशि रूपये 100 का डी.डी./बैंकर्स चैक खनि अभियन्ता कोटा के नाम जमा कराकर किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 15.04.2025 दोपहर 3 बजे तक कार्यालय खनि अभियन्ता, खनिज भवन, प्लॉट नं. 3, टैगोर नगर, रावतभाटा रोड़, कोटा से प्राप्त किये जा सकते है।

**नीलामी हेतु खनिज काली बजरी का संक्षिप्त विवरण-**

| क्र. सं. | राजस्वग्राम एवं खसरा संख्या तहसील (जहाँ जब्तशुदा काली बजरी पड़ी है) | खनिज की अनुमानित मात्रा (टनों में) | बयाना/ अमानत राशि (रू.में) | न्यूनतम बोली राशि (रू.में)/ प्रति टन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम खेड़ीयामान तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी | 80 टन | 4000 | 500 |
| 2 | ग्राम खेडीयादुर्जन तहसील इन्द्रगढ जिला बून्दी | 300 टन | 15000 | 500 |
| 3 | ग्राम झालीजी का बराना तहसील के. पाटन जिला बून्दी | 300 टन | 15000 | 500 |
| 4 | ग्राम खातोली तहसील पीपल्दा जिला कोटा | 30 टन | 1500 | 500 |
| 5 | खसरा सं. 1408/516 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम लाखनी जिला कोटा | 30 टन | 1500 | 500 |
| 6 | खसरा सं. 539/271 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम लाखनी जिला कोटा | 100 टन | 5000 | 500 |
| 7 | खसरा सं. 1436/1383 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम खातोली जिला कोटा | 60 टन | 3000 | 500 |
| 8 | खसरा सं. 259 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम रामखेड़ा जिला कोटा | 40 टन | 2000 | 500 |
| 9 | खसरा स. 1405/515 ग्राम खातोली जिला कोटा | 35 टन | 1750 | 500 |
| 10 | खसरा सं. 01 ग्राम खातोली जिला कोटा | 150 टन | 7500 | 500 |
| 11 | खसरा सं. 527 ग्राम खातोली जिला कोटा | 100 टन | 5000 | 500 |
| 12 | खसरा सं. 525 ग्राम खातोली जिला कोटा | 100 टन | 5000 | 500 |
| 13 | खसरा सं. 03 ग्राम खातोली जिला कोटा | 100 टन | 5000 | 500 |
| 14 | खसरा सं. 1342/57 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम खातोली जिला कोटा | 80 टन | 4000 | 500 |
| 15 | खातोली इटावा रोड आवासीय कॉलोनी ग्राम खातोली इटावा जिला कोटा | 870 टन | 43500 | 500 |

**नीलामी हेतु बनास बजरी का संक्षिप्त विवरण-**

| क्र. सं. | राजस्वग्राम एवं खसरा संख्या तहसील (जहाँ जब्तशुदा काली बजरी पड़ी है) | खनिज की अनुमानित मात्रा (टनों में) | बयाना/ अमानत राशि (रू.में) | न्यूनतम बोली राशि (रू.में)/ प्रति टन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | केशोपुरा तहसील पीपल्दा जिला कोटा | 2016 टन | 181440 | 900 |

स्मुहों में पडे जब्तशुदा खनिज काली बजरी/बनास बजरी की प्रत्येक समुह के लिए अलग-अलग बोली दरें सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 16.04.2025 को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय खनि अभियन्ता, खनिज भवन, प्लॉट नं.3, टैगोर नगर, रावतभाटा रोड, कोटा के कमरा नम्बर 112 में प्राप्त की जायेगी। निर्धारित समय तक प्राप्त सीलबन्द कमेटी द्वारा दिनांक 17.04.2025 को प्रातः 11 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खनि अभियन्ता कोटा कक्ष संख्या 114 में खोली जायेगी। नीलामी की शर्तें कार्यालय खनि अभियन्ता कोटा व विभागीय वेबसाईट www.mines.rajasthan.gov.in एवं पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(आर.एन. मंगल)
खनि अभियन्ता कोटा

DIPR/C/4931/2025

# कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर पूर्व विधायक भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा का पुतला दहन किया

**कोटा,** (निसं)। पीसीसी के निर्देश पर भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के विरुद्ध की गई निम्न स्तरीय टिप्पणी के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में मंगलवार को केशवपुरा चौराहा पर आक्रोशित कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर पूर्व विधायक भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा का पुतला दहन विरोध जताया।

इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि पूर्व विधायक भाजपा नेता ज्ञानदेव नही अज्ञान देव कहलाने योग्य है उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अपनी मानसिकता खो चुके है अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर रहे है इसको कांग्रेसजन कतई बर्दाश्त नही करेगा। रविन्द्र त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर इस तरह की निम्नस्तर की टिप्पणी की जा रही है भाजपा की सरकारें अहंकार में डूबी हुई है इनका अहंकार राजस्थान की जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दलित विरोधी सरकार है सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है हर जगह इनको विरोध का सामना करना पड़ेगा।

उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ.विजय सोनी ने बताया कि प्रदर्शन में मुख्य रूप से कोटा दक्षिण उपमहापौर पवन मीणा, प्रमोद त्रिपाठी, दिलीप पाठक, जितेन्द्र सिंह चौहान, महामंत्री रामेश्वर सुवालका, हिमांशू शर्मा, अजय गुप्ता, राजकुमार बोयत, शिवराज गुंजल, पार्षद मनोज गुप्ता, सुलेमान बादशाह, इसरार मोहम्मद, हंसराज गोस्वामी, सचिव हेमराज पांचाल, धर्मा गोचर, शलीना शैरी, इरफ़ान घोसी, ललित सरदार, बलविंदर सिंह बिल्लू, रनीश गोयल, धन्नालाल मेघवाल, आदि मौजूद रहे।


कोटा में भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा का कांग्रेसजनों ने पुतला फूंका है।

- **भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के विरुद्ध की गई निम्न स्तरीय टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन किया**

कांग्रेसजनों ने फुंका पुतला- जिला कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय भान सिंह शक्तावत, सचिव राजू पहाड़िया के द्वारा कोटा जिला कलेक्ट्रेट पर ज्ञान देव आहूजा का पुतला जलाया गया।

साथ ही इस पर शहर कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया ने कहा कि जब भगवान राम शबरी मां के झूठे बैर खा सकते हैं केवट को अपना परम मित्र बना सकते हैं रावण के खिलाफ युद्ध में वानरों और रिचों की सहायता ले सकते हैं तो अपने आप को भगवान राम के भक्त मानने वाले आरएसएस और भाजपा के संकीर्ण मानसिकता के लोग दलित समाज के साथ छुत-अछूत का व्यवहार क्यों करते हैं। दलित समाज के लोगों को मंदिरों में दर्शन करने क्यों नहीं देते। इससे तो साफ जाहिर है कि आरएसएस और भाजपा के लोग मुस्लिम समाज, दलित समाज और ओबीसी समाज को दबाना चाहते हैं और उनका शोषण करना चाहते हैं।